**Series 6HPK5Δ/C**

**SET~1**

*Code No.* **64/1/1**

*Roll No.*

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

**NOTE :**

(i) Please check that this question paper contains **8** printed pages + **2** Maps.

(ii) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) Please check that this question paper contains **29** questions.

(iv) Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.

(v) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# GEOGRAPHY (Theory)

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 70*

***General Instructions :***

*(i) Question paper is divided into **five** Sections – **A**, **B**, **C**, **D** and **E**.*

*(ii) In **Section A** – Questions no. **1** to **15** are objective type multiple choice questions (MCQs) carrying **1** mark each. Attempt any **14** questions. Write the correct answer only in your answer-book.*

*(iii) In **Section B** – Questions no. **16** and **17** are short answer source based and graph based questions respectively carrying **3** marks each. Answer any **three** questions out of 4. Each of these sub-questions carry **1** mark.*

*(iv) In **Section C** – Questions no. **18** to **22** are short answer questions carrying **3** marks each. Answers to these questions should not exceed **60 – 80** words.*

*(v) In **Section D** – Questions no. **23** to **27** are long answer questions carrying **5** marks each. Answers to these questions should not exceed **120 – 150** words.*

*(vi) In **Section E** – **Questions number 28** and **29** are related to location and labelling and identification of geographical features on **maps** respectively, carrying **5** marks each.*

*(vii) Outline map of **India** and **World** provided to you must be attached with your answer-book.*

*(viii) Use of template or stencils for drawing outline maps is allowed.*

## SECTION A

**(Objective Type Questions)**

**1.** Fill in the blank.

Interaction between primitive human society and strong forces of nature was termed as __________ . *1*

**2.** Which one of the following approaches of human development is the oldest one ? *1*

(A) Income approach

(B) Basic needs approach

(C) Welfare approach

(D) Capability approach

**3.** Which one of the following streams of inter-state migration is male predominant ? *1*

(A) Rural to Rural

(B) Rural to Urban

(C) Urban to Urban

(D) Urban to Rural

**4.** Which one of the following is the result of migration at the place of origin ? *1*

(A) Population increases

(B) Population decreases

(C) Male population increases

(D) Female population increases

**5.** Which one of the following authorities was set up to market and transport natural gas ? *1*

(A) Gas Authority of India Ltd

(B) Geological Survey of India

(C) Indian Bureau of Mines

(D) Oil and Natural Gas Corporation

**6.** Identify among the following the ancient town of India : *1*

(A) Agra

(B) Varanasi

(C) Ambala

(D) Meerut

**7.** Fill in the blank.

Population above 60 years represents an ageing population which requires more __________ . *1*

**8.** Which one of the following describes the meaning of Empowerment ? *1*

(A) To have the power to make choices

(B) Continuity in the availability of opportunities

(C) Leading a long and healthy life

(D) Access to resources

**9.** Which one of the following features is associated with gathering ? *1*

(A) Herders rely on animals for food

(B) It involves primitive societies

(C) Herders move from one place to another with animals

(D) They have well-identified territory

**10.** Match *Column I* with *Column II* : *1*

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| a. | Karanpura | i. | Petroleum |
| b. | Kalol | ii. | Bio-energy |
| c. | Okhla | iii. | Wind energy |
| d. | Rajasthan | iv. | Coal |

Choose the correct option :

(A) a–iv, b–i, c–ii, d–iii

(B) a–i, b–ii, c–iv, d–iii

(C) a–iv, b–i, c–iii, d–ii

(D) a–i, b–iii, c–ii, d–iv

**11.** Which one of the following programmes was initiated during the 'Fifth Five Year Plan' ? *1*

(A) Hill Area Development Programme

(B) Drought Prone Area Programme

(C) Sustainable Development Programme

(D) Target Area Planning Programme

**12.** Which one of the following is the important activity of the service sector ? *1*

(A) Mining

(B) Hunting

(C) Manufacturing

(D) Communication

**13.** Which one of the following group of occupations is mainly related to urban people ? *1*

(A) Primary and Secondary

(B) Primary and Quaternary

(C) Secondary and Tertiary

(D) Primary and Tertiary

14. Which one of the following States has the highest percentage of population below poverty line ? *1*

(A) Andhra Pradesh
(B) Arunachal Pradesh
(C) Assam
(D) Goa

15. Which one of the following factors is responsible for the transformation of certain areas of Rajasthan from thinly populated to thickly populated ? *1*

(A) Mineral extraction
(B) Establishment of Special Economic Zone
(C) Development of irrigation
(D) Airway facilities

## SECTION B
## (Source/Graph Based Questions)

16. Read the case study given below carefully and answer the questions that follow :

Jhabua district is located in the westernmost agro-climatic zone in Madhya Pradesh. It is, in fact, one of the five most backward districts of the country. It is characterised by high concentration of tribal population (mostly *Bhils*). The people suffer due to poverty which has been accentuated by the high rate of resource degradation, both forest and land. The watershed management programmes funded by both the ministries of "Rural Development" and "Agriculture", Government of India, have been successfully implemented in Jhabua district which has gone a long way in preventing land degradation and improving soil quality. Watershed Management Programmes acknowledge the linkage between land, water and vegetation and attempt to improve livelihoods of people through natural resource management and community participation. In the past five years, the programmes funded by the Ministry of Rural Development alone *(implemented by Rajiv Gandhi Mission for Watershed Management)* have treated 20 per cent of the total area under Jhabua district.

The Petlawad block of Jhabua is located in the northernmost part of the district and represents an interesting and successful case of Government-NGO partnership and community participation in managing watershed programmes. The *Bhils* in Petlawad block, for example, (Sat Rundi hamlet of Karravat village) through their own efforts, have revitalised large parts of common property resources. Each household planted and maintained one tree on the common property. They have also planted fodder grass on the pasture land and adopted social-fencing of these lands for at least two years. Even after that, they say, there would be no open grazing on these lands, but stall feeding of cattle, and they are thus confident that the pastures they have developed would sustain their cattle in future.

**Answer any *three* questions.** *3×1=3*

(i) What was done by Bhils through their own efforts ?

(A) Improved soil quality
(B) Watershed management
(C) Revitalised common property resources
(D) Natural resources management

(ii) What was done by each household ?

(A) Own development

(B) Grant and aid received from Ministry of Rural Development

(C) Planted and maintained one tree on the common property

(D) Plantation on their own land

(iii) For how much time has each household adopted social-fencing of pasture land ?

(A) At least 3 years

(B) At least 1 year

(C) At least 4 years

(D) At least 2 years

(iv) What is the main feature of the district of Jhabua ?


(A) A backward district

(B) High concentration of Bhils

(C) An advanced district

(D) Fertile land

**17.** Study the diagram given below carefully and answer the questions that follow :



**Answer any *three* questions.** *3×1=3*

(i) Which one of the following countries has bell-shaped age-sex pyramid ?
   (A) Mexico
   (B) Nigeria
   (C) Australia
   (D) China

(ii) What change occurs in bell-shaped age-sex pyramid towards the top ?
   (A) Tapered
   (B) Flat
   (C) Conical
   (D) Triangular

(iii) What type of birth and death rates does a bell-shaped age-sex pyramid show ?
   (A) Negative growth
   (B) High birth rates and low death rates
   (C) Low birth rates and high death rates
   (D) Birth and death rates are equal

(iv) What is the impact of equal birth and death rates on population ?
   (A) Positive population growth
   (B) Negative population growth
   (C) High population growth
   (D) Constant population growth

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 17.* **Attempt any *three* questions.**

(17.1) What type of the age-sex pyramid of Nigeria is shown by its shape ? *1*
   (A) Tapered
   (B) Triangular
   (C) Flat
   (D) Conical

(17.2) Which one of the following countries has bell-shaped age-sex pyramid ? *1*
   (A) Mexico
   (B) Nigeria
   (C) Australia
   (D) China

(17.3) What type of birth and death rates are denoted by a bell shaped age-sex pyramid ? *1*
   (A) Negative growth
   (B) High birth rates and low death rates
   (C) Low birth rates and high death rates
   (D) Birth and death rates are equal

(17.4) What is the impact of high birth rates on population ? *1*
   (A) Expanding population
   (B) Constant population
   (C) Declining population
   (D) Aging population

## SECTION C

### (Short Answer Questions)

**18.** (a) "In India, the decades 1921 – 1951 are referred to as the period of steady population growth." Justify the statement. *3*

**OR**

(b) "In India, the period from 1901 – 1921 is referred to as a period of stationary phase of growth of India's population." Justify the statement. *3*

**19.** Describe the importance of solar energy in the development of India. *3*

**20.** (a) How does technology indicate the level of cultural development of society ? Explain. *3*

**OR**

(b) "Human geography studies the inter-relationship between the physical environment and socio-cultural environment." Support the statement. *3*

**21.** Explain the concept of 'sustainability' as an important pillar of 'human development'. *3*

**22.** "Quaternary activities centre around research and development." Examine the statement. *3*

## SECTION D

### (Long Answer Questions)

**23.** Explain the objectives of 'Drought Prone Area Programme'. *5*

**24.** (a) "India accounts for about four percent of the world's water resources and about sixteen percent of the population." Support the statement in reference to water resources of India. *5*

**OR**

(b) "The most amount of water is used for irrigation in India." Support the statement. *5*

**25.** (a) Describe the main features of hunting and gathering activities. *5*

**OR**

(b) Describe the main features of extensive commercial grain cultivation practised in the world. *5*

**26.** Analyse the priorities as part of the urban strategy outlined by the United Nations Development Programme (UNDP). *5*

**27.** Explain the indicators of social empowerment of Human Development Index in India. *5*

## SECTION E

### (Map Based Questions)

**28.** On the given political outline map of **India** (on page 9), locate and label any ***five*** from the following geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(28.1) The State with lowest level of Human Development Index

(28.2) The leading rice producing State

(28.3) Ratnagiri – Iron Ore Mines

(28.4) Barauni – An Oil Refinery

(28.5) Balaghat – Manganese Mines

(28.6) Chennai – A city with more than 10 million population

(28.7) Katni – Bauxite Mines

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 28. Attempt any* ***five*** *questions :*

(28.1) Name the State with lowest level of Human Development Index.

(28.2) Name the leading rice producing State.

(28.3) In which State are Ratnagiri Iron Ore Mines located ?

(28.4) Name the State where Barauni Oil Refinery is located.

(28.5) Name the State where at Balaghat Manganese Mines are located.

(28.6) Name the State where Chennai is located.

(28.7) In which State are Katni Bauxite Mines located ? *5×1=5*

**29.** On the given political outline map of the **World** (on page 10), five geographical features have been marked as A, B, C, D and E. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *5×1=5*

A. A large country in terms of area

B. An area of nomadic herding

C. An area of commercial livestock rearing

D. An area of subsistence gathering

E. A mega city

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 29 :*

(29.1) Name the largest country of the Asia Continent.

(29.2) Name the area of nomadic herding in Africa.


(29.3) Name an area of commercial livestock rearing in North America.

(29.4) Name the area of subsistence gathering in South America.

(29.5) Name the mega city of Japan. *5×1=5*

For question no. 28




WORLD-POLITICAL
A
B
C
D
E

**Series 6HPK5Δ/C**

**SET~1**

कोड नं. **64/1/1**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8 + 2** मानचित्र हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **29** प्रश्न हैं ।

(iv) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** में विभाजित किया गया है ।*

*(ii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **15** तक लघु-उत्तरीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । कोई **14** प्रश्न करने हैं । केवल सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **16** और **17** लघु-उत्तरीय स्रोत आधारित तथा ग्राफ़ आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । दिए गए चार उप-प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** उप-प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं । प्रत्येक उप-प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **18** से **22** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **23** से **27** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** से **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ** में **प्रश्न संख्या 28** और **29** **मानचित्र** आधारित हैं जो क्रमशः भौगोलिक लक्षणों की पहचान करने तथा स्थान निर्धारण करने और उनके नाम लिखने से संबंधित हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है ।*

*(vii)* *दिए गए **भारत** और **विश्व** के रेखा-मानचित्रों को भरकर उत्तर-पुस्तिका में नत्थी कीजिए ।*

*(viii)* *रेखा-मानचित्रों को खींचने के लिए टेम्प्लेट या स्टेंसिल का उपयोग करने की अनुमति है ।*

## खण्ड क
## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।
आदिम मानव समाज और प्रकृति की प्रबल शक्तियों के बीच अन्योन्यक्रिया को __________ कहा गया । *1*

2. मानव विकास के निम्नलिखित उपागमों में से कौन-सा एक सबसे पुराना है ? *1*
(A) आय उपागम
(B) आधारभूत आवश्यकता उपागम
(C) कल्याण उपागम
(D) क्षमता उपागम

3. निम्नलिखित अंतर-राज्यीय प्रवास की धाराओं में से कौन-सी पुरुष प्रधान है ? *1*
(A) ग्रामीण से ग्रामीण
(B) ग्रामीण से नगरीय
(C) नगरीय से नगरीय
(D) नगरीय से ग्रामीण

4. उद्‌गम स्थल पर प्रवास का निम्नलिखित में से कौन-सा परिणाम होता है ? *1*
(A) जनसंख्या बढ़ती है
(B) जनसंख्या घटती है
(C) पुरुषों की संख्या बढ़ती है
(D) महिलाओं की संख्या बढ़ती है

5. निम्नलिखित प्राधिकरणों में से किसकी स्थापना प्राकृतिक गैस के विपणन एवं परिवहन के लिए की गई ? *1*
(A) गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
(B) भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण
(C) इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स (भारतीय खान ब्यूरो)
(D) ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन

6. निम्नलिखित में से भारत के प्राचीन नगर की पहचान कीजिए : *1*
(A) आगरा
(B) वाराणसी
(C) अंबाला
(D) मेरठ

7. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।
60 वर्ष से अधिक आयु वाली जनसंख्या उस वृद्ध जनसंख्या को प्रदर्शित करती है जिसे अधिक __________ की आवश्यकता है । *1*

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा सशक्तीकरण के अर्थ का वर्णन करता है ? *1*

(A) विकल्प चुनने के लिए शक्ति प्राप्त करना

(B) अवसरों की उपलब्धता में निरन्तरता

(C) दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन जीना

(D) संसाधनों तक पहुँच

**9.** निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी भोजन संग्रह से सम्बन्धित है ? *1*

(A) भोजन के लिए, पशुचारक पशुओं पर निर्भर रहते हैं

(B) इसे आदिमकालीन समाज के लोग करते हैं

(C) पशुचारक पशुओं के साथ एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होते हैं

(D) उनके पास सुनिश्चित क्षेत्र होते हैं

**10.** *स्तम्भ I* का मिलान *स्तम्भ II* से कीजिए : *1*

| | *स्तम्भ I* | | *स्तम्भ II* |
|---|---|---|---|
| a. | करनपुरा | i. | पेट्रोलियम |
| b. | कलोल | ii. | जैव-ऊर्जा |
| c. | ओखला | iii. | पवन ऊर्जा |
| d. | राजस्थान | iv. | कोयला |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) a–iv, b–i, c–ii, d–iii

(B) a–i, b–ii, c–iv, d–iii

(C) a–iv, b–i, c–iii, d–ii

(D) a–i, b–iii, c–ii, d–iv

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम 'पाँचवीं पंचवर्षीय योजना' में प्रारम्भ किया गया ? *1*

(A) पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम

(B) सूखा संभावी क्षेत्र विकास कार्यक्रम

(C) सततपोषणीय विकास कार्यक्रम

(D) लक्ष्य क्षेत्र नियोजन कार्यक्रम

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सी सेवा क्षेत्रक की महत्त्वपूर्ण क्रिया है ? *1*

(A) खनन

(B) आखेट

(C) विनिर्माण

(D) संचार

**13.** निम्नलिखित व्यवसायों में से कौन-सा समूह प्रमुख रूप से नगरीय लोगों से संबंधित है ? *1*

(A) प्राथमिक और द्वितीयक

(B) प्राथमिक और चतुर्थक

(C) द्वितीयक और तृतीयक

(D) प्राथमिक और तृतीयक

**14.** निम्नलिखित राज्यों में से किसमें ग़रीबी रेखा के नीचे जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत है ? *1*

(A) आँध्र प्रदेश

(B) अरुणाचल प्रदेश

(C) असम

(D) गोआ

**15.** निम्नलिखित कारकों में से कौन-सा राजस्थान के कुछ एक विरल जनसंख्या वाले क्षेत्रों को सघन जनसंख्या वाला बनाने के लिए उत्तरदायी है ? *1*

(A) खनिज निष्कर्षण

(B) विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना

(C) सिंचाई का विकास

(D) वायु परिवहन सुविधाएँ

## खण्ड ख
## (स्रोत/ग्राफ़ आधारित प्रश्न)

**16.** निम्नलिखित केस अध्ययन को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

झबुआ ज़िला मध्य प्रदेश के अति पश्चिमी कृषि जलवायु क्षेत्र में अवस्थित है । यह वास्तव में हमारे देश के सर्वाधिक पाँच पिछड़े ज़िलों में से एक है । जनजातीय जनसंख्या विशेषत: भील का उच्च सांद्रण इसकी विशेषता है । लोग ग़रीबी के कारण कष्ट झेल रहे हैं, और यह ग़रीबी जंगल एवं भूमि दोनों संसाधनों के उच्च दर से निम्नीकरण के कारण प्रबलित हो गई है । यहाँ भारत सरकार के "ग्रामीण विकास" तथा "कृषि मंत्रालय" दोनों ही से जल संभरण प्रबंधन कार्यक्रम फंड अनुदानित हैं, जिन्हें झबुआ ज़िले में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है । यह निम्नीकरण को रोकने तथा भूमि की गुणवत्ता को सुधारने में सफल सिद्ध होगा । जल संभरण प्रबंधन कार्यक्रम भूमि, जल तथा वनस्पतियों के बीच संबद्धता को पहचानता है और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता से लोगों की आजीविका को सुधारने का प्रयास करता है । पिछले पाँच वर्षों में, ग्रामीण विकास मंत्रालय से निधि प्राप्त राजीव गांधी मिशन द्वारा क्रियान्वित जल संभरण प्रबंधन ने अकेले झबुआ ज़िले की लगभग 20 प्रतिशत भूमि का उपचार किया है ।

झबुआ ज़िले का पेटलावाड विकास खंड, ज़िले के सर्वाधिक उत्तरी छोर पर स्थित है तथा सरकारी एवं ग़ैर-सरकारी संगठनों की साझेदारी तथा जल संभरण प्रबंधन हेतु समुदाय की प्रतिभागिता का सफल और रोचक प्रकरण प्रस्तुत करता है । पेटलावाड विकास खंड के भील (कारावट गाँव के सतरूंडी बस्ती) समुदाय ने अपना स्वयं का प्रयास करके विस्तृत भागों की साझी सम्पदा संसाधनों को पुनर्जीवित किया है । प्रत्येक परिवार ने साझी सम्पदा में एक पेड़ लगाया और उसे अनुरक्षित किया । इसके साथ ही प्रत्येक परिवार ने चरागाह भूमि पर चारा घास को बोया और कम-से-कम दो वर्षों तक उसकी सामाजिक घेराबंदी की । इसके बाद भी, उनका कहना था, इन ज़मीनों पर कोई खुली चराई नहीं होगी और पशुओं की आहार पूर्ति हेतु नाँद बनाए जाएँगे और इस प्रकार से उन्हें यकीन था कि जो चरागाह उन्होंने विकसित किए हैं, वे भविष्य में उनके पशुओं का सतत पोषण करते रहेंगे ।

**किन्हीं *तीन* प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** *3×1=3*

(i) भीलों ने स्वयं प्रयास करके क्या किया ?

(A) मृदा की गुणवत्ता में सुधार

(B) जल संभर प्रबन्धन

(C) साझी सम्पदा संसाधनों को पुनर्जीवित किया

(D) प्राकृतिक संसाधनों का प्रबन्धन

(ii) प्रत्येक परिवार ने क्या किया ?

(A) अपना विकास किया

(B) ग्रामीण विकास मंत्रालय से अनुदान एवं सहायता प्राप्त की

(C) साझी सम्पदा में एक पेड़ लगाया और उसे अनुरक्षित किया

(D) अपनी भूमि पर वृक्षारोपण किया

(iii) प्रत्येक परिवार ने कितने समय तक चरागाह भूमि की सामाजिक घेराबन्दी की ?

(A) कम-से-कम तीन वर्ष

(B) कम-से-कम एक वर्ष

(C) कम-से-कम चार वर्ष

(D) कम-से-कम दो वर्ष

(iv) झबुआ ज़िले की मुख्य विशेषता क्या है ?


(A) पिछड़ा ज़िला

(B) भीलों का उच्च सांद्रण

(C) एक विकसित ज़िला

(D) उपजाऊ भूमि

**17.** दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :



**किन्हीं *तीन* प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** *3×1=3*

(i) निम्नलिखित में से किस देश का आयु-लिंग पिरामिड घंटी के आकार का है ?

(A) मैक्सिको

(B) नाइजीरिया

(C) ऑस्ट्रेलिया

(D) चीन

(ii) घंटी के आकार के आयु-लिंग पिरामिड में शीर्ष की ओर क्या बदलाव होता है ?

(A) शुंडाकार

(B) चौरस

(C) शंक्वाकार

(D) त्रिभुजाकार

(iii) घंटी के आकार का आयु-लिंग पिरामिड किस प्रकार की जन्म और मृत्यु दर दर्शाता है ?

(A) नकारात्मक वृद्धि

(B) उच्च जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

(C) निम्न जन्म दर और उच्च मृत्यु दर

(D) जन्म दर और मृत्यु दर समान

(iv) जनसंख्या पर समान जन्म व मृत्यु दर का क्या प्रभाव पड़ता है ?

(A) धनात्मक जनसंख्या वृद्धि

(B) नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि

(C) उच्च जनसंख्या वृद्धि

(D) स्थिर जनसंख्या वृद्धि

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 17 के स्थान पर हैं ।*

**किन्हीं *तीन* प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

(17.1) आकृति के अनुसार नाइजीरिया का आयु-लिंग पिरामिड किस प्रकार का दर्शाया गया है ? *1*

(A) शुंडाकार

(B) त्रिभुजाकार

(C) चौरस

(D) शंक्वाकार

(17.2) निम्नलिखित देशों में से किसका आयु-लिंग पिरामिड घंटी के आकार का है ? *1*

(A) मैक्सिको

(B) नाइजीरिया

(C) ऑस्ट्रेलिया

(D) चीन

(17.3) घंटी के आकार का आयु-लिंग पिरामिड किस प्रकार की जन्म एवं मृत्यु दर को दर्शाता है ? *1*

(A) नकारात्मक वृद्धि

(B) उच्च जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

(C) निम्न जन्म दर और उच्च मृत्यु दर

(D) समान जन्म दर एवं मृत्यु दर

(17.4) उच्च जन्म दर का जनसंख्या पर क्या प्रभाव पड़ता है ? *1*

(A) विस्तारित होती जनसंख्या

(B) स्थिर जनसंख्या

(C) ह्रासमान जनसंख्या

(D) वृद्ध होती जनसंख्या

## खण्ड ग

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

18. (a) "भारत में, 1921 – 1951 के दशकों को जनसंख्या की स्थिर वृद्धि की अवधि के रूप में जाना जाता है ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । 3

अथवा

(b) "भारत में, 1901 – 1921 की अवधि को भारत की जनसंख्या वृद्धि की स्थायी प्रावस्था की अवधि कहा जाता है ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । 3

19. भारत के विकास में सौर-ऊर्जा के महत्त्व का वर्णन कीजिए । 3

20. (a) प्रौद्योगिकी किस प्रकार किसी समाज के सांस्कृतिक विकास के स्तर की सूचक होती है ? स्पष्ट कीजिए । 3

अथवा

(b) "मानव भूगोल भौतिक पर्यावरण तथा सामाजिक-सांस्कृतिक पर्यावरण के मध्य अंतर्संबंधों का अध्ययन करता है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । 3

21. 'मानव विकास' के एक महत्त्वपूर्ण स्तम्भ के रूप में 'सततपोषणीयता' की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए । 3

22. "चतुर्थ क्रियाकलाप अनुसंधान और विकास पर केंद्रित होते हैं ।" इस कथन की परख कीजिए । 3

## खण्ड घ

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

23. 'सूखा संभावी क्षेत्र विकास कार्यक्रम' के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए । 5

24. (a) "भारत में विश्व के जल संसाधनों का लगभग चार प्रतिशत तथा जनसंख्या लगभग सोलह प्रतिशत है ।" इस कथन की पुष्टि भारत के जल संसाधनों के संदर्भ में कीजिए । 5

अथवा

(b) "भारत में जल का सर्वाधिक उपयोग सिंचाई के लिए होता है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । 5

25. (a) आखेट एवं भोजन संग्रह क्रियाओं की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 5

अथवा

(b) संसार में प्रचलित विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 5

26. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा नगर रणनीति में बताई गई प्राथमिकताओं का विश्लेषण कीजिए । 5

27. भारत में मानव विकास सूचकांक के सामाजिक सशक्तीकरण के सूचकों की व्याख्या कीजिए । 5

## खण्ड ङ
## (मानचित्र आधारित प्रश्न)

**28.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर), में निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** भौगोलिक लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(28.1) सबसे कम मानव विकास सूचकांक वाला राज्य

(28.2) चावल का अग्रणी उत्पादक राज्य

(28.3) रत्नागिरि – लौह अयस्क खानें

(28.4) बरौनी – एक तेल परिशोधनशाला

(28.5) बालाघाट – मैंगनीज़ खानें

(28.6) चेन्नई – 10 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाला नगर

(28.7) कटनी – बॉक्साइट खानें

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 28 के स्थान पर हैं । किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :*

(28.1) सबसे कम मानव विकास सूचकांक वाले राज्य का नाम लिखिए ।

(28.2) चावल के अग्रणी उत्पादक राज्य का नाम लिखिए ।

(28.3) रत्नागिरी लौह अयस्क खानें किस राज्य में स्थित हैं ?

(28.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बरौनी तेल परिशोधनशाला स्थित है ।

(28.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बालाघाट मैंगनीज़ खानें स्थित हैं ।

(28.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ चेन्नई स्थित है ।

(28.7) कटनी बॉक्साइट खानें किस राज्य में स्थित हैं ? *5×1=5*

**29.** **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 20 पर), में पाँच भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D तथा E से दिखाया गया है । उनकी पहचान निम्नलिखित जानकारी की मदद से कीजिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. क्षेत्रफल की दृष्टि से एक बड़ा देश

B. चलवासी पशुचारण का एक क्षेत्र

C. वाणिज्य पशुधन पालन का एक क्षेत्र

D. निर्वाहन संग्रहण का एक क्षेत्र

E. एक मेगा नगर

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं :*

(29.1) एशिया महाद्वीप के सबसे बड़े देश का नाम लिखिए ।

(29.2) अफ्रीका के चलवासी पशुचारण क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(29.3) उत्तरी अमेरिका में वाणिज्य पशुधन पालन के एक क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(29.4) दक्षिण अमेरिका में निर्वाहन संग्रहण के क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(29.5) जापान के मेगा नगर का नाम लिखिए । *5×1=5*

प्रश्न सं. 28 के लिए



प्रश्न सं. 29 के लिए

संसार–राजनीतिक

